October – 2022 (Jul. - Sep. 2022)
Vol. SHQ-BSGUP -006

# BHARAT SCOUTS & GUIDES
## UTTAR PRADESH

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# "तेजल"

## त्रैमासिक पत्रिका

**"I Pray that every home in India may have children like Scouts and Guides"**

**" Mahatma Gandhi"**





State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
www.bsgup.org

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

!! मुख्य संरक्षक !!



**श्रीमती आनन्दी बेन पटेल**
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

!! उप मुख्य संरक्षक !!



**श्री योगी आदित्यनाथ**
माननीय मुख्यमन्त्री
उत्तर प्रदेश

!! अध्यक्ष !!



**डा० महेन्द्र सिंह**
भूतपूर्व कैबिनेट मंत्री "जल शक्ति"
उत्तर प्रदेश सरकार

!! मुख्यायुक्त !!



**डॉ० प्रभात कुमार** आई०ए०एस० (से०नि०)
भूतपूर्व अध्यक्ष,
लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

## संपादक मण्डल

### संरक्षक
**डॉ० महेन्द्र सिंह**
अध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

### मुख्य सम्पादक
**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

### सलाहकार
**ललिता प्रदीप**
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**आलोक कुमार अग्रवाल**
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

### सम्पादक
**आनन्द सिंह रावत**
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**डॉ० फूलकली गुप्ता**
जिला आयुक्त (गाइड) अमेठी
प्रधानाचार्या
राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज, अमेठी

### डिज़ाइन एवं तकनीक
**अदनान हाशमी**
सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०




**"We never fail when we try to do our duty, we always fail when we neglect to do it."**

***- Lord Robert Baden-Powell***

## CONTENTS – अनुक्रमणिका


❖ प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖ बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता - 4
❖ प्रादेशिक कार्यक्रम - 5
❖ उपलब्धियों की श्रंखला
 * सेंसेस में आशातीत वृद्धि - 08
 * कोविड -19 में सेवा हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार - 10
 * प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज का कायाकल्प - 13
 * वेबसाइट और ऑनलाइन कार्यो का शुभारम्भ - 17
 * प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत का कायाकल्प - 18
 * वयस्क प्रशिक्षण कार्यो में वृद्धि - 20
 * न्यू इनिशिएटिव - 21
 * आजीवन सदस्यों की संख्या में आशातीत वृद्धि - 22
 * पार्टनरशिप प्रोजेक्ट - 23
❖ जनपदीय कार्यक्रम - 26
❖ आगामी कार्यक्रम - 38
❖ आई० टी० विभाग - 39




## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
**प्रादेशिक मुख्यायुक्त**
**भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०**



सर्व प्रथम मै बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई देता हूँ एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ, साथ-साथ सभी प्रतिभागियों का भी हृदय से धन्यवाद करता हूँ कि उन्होंने इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर इसकी सफलता का मार्ग प्रशस्त किया |

सामान्यतया एक उक्ति समाज में बहुप्रचलित है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है लेकिन यह उक्ति अपूर्ण है इसमें आगे यह भी जुड़ना चाहिए कि शरीर को स्वस्थ रखने हेतु मस्तिष्क का भी स्वस्थ रहना अत्यावश्यक है अर्थात् शरीर और मस्तिष्क का अन्योन्याश्रयी भाव है, इन दोनों के निरोगी होने से मानव जीवन सुंदर बनता है, मनुष्य आनन्द की खोज में कहाँ- कहाँ नहीं भटकता लेकिन वास्तविक स्रोत तक नहीं पहुँच पाता उस स्थल तक पहुँचाने में स्काउटिंग और गाइडिंग सहायता करती है, मनुष्य के अन्तर्निहित समस्त गुणों को उनका मूल और जनकल्याणकारी स्वरूप देकर बाहर निकालती है जिससे जीवन जीने में एक विशेष आनन्द की अनुभूति होने लगती है | मैं स्वयं को सौभाग्यशाली समझता हूँ कि मुझे इस उर्वर, अलौकिक विधा से जुड़ने का और आप सबके साथ अपना सम्पूर्ण देने का सुअवसर मिला | हम सभी संस्था के माननीय अध्यक्ष डॉ०महेंद्र सिंह जी के नेतृत्व में मिशन गति से निरन्तर अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए अपनी स्वयं की उदात्त संकल्पना के द्वारा बनाये हुए लक्ष्य की तरफ तीव्रता से अग्रसर हैं |

यूँ तो विगत तीन वर्षो में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश द्वारा सभी क्षेत्रो में उल्लेखनीय प्रगति की है | परन्तु हमारे दोनों प्रशिक्षण केन्द्रों प्रयागराज तथा शीतलाखेत का कायाकल्प अकल्पनीय एवं अद्भुत है | इसके लिए संस्था से जुड़े सभी जन बधाई के पात्र हैं | पत्रिका के इस अंक में हम विगत तीन

वर्षों की उपलब्धियों का विवरण भी प्रकाशित कर रहे हैं जो संस्था के उज्ज्वल भविष्य का सीधा संकेत है|

इन उपलब्धियों को देखकर हमें यह नहीं सोचना है कि हमने पूर्णता प्राप्त कर ली है, अभी हमारा अपेक्षित हमें नहीं मिला है, इसलिए हम सभी आत्मीय जन मिलकर वह करेंगे जिसे अपने में समाहित करने हेतु इतिहास के पन्ने भी लालायित हो जायें।

***इसी शुभाकांक्षा के साथ !***

**(डॉ० प्रभात कुमार )**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश






# BSG ज्ञान प्रतियोगिता

For : Cub / Bulbul, Scout / Guide, Rover / Ranger

WINNER

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता में सभी सफल होने वाले प्रतिभागियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं |

## CONGRATULATIONS

## SCOUT SECTION



FIRST POSITION
TARUN MISHRA
GORAKHPUR



SECOND POSITION
SAHDEV
HARDOI



THIRD POSITION
KRISHNA KUMAR
BALLIA

## GUIDE SECTION



FIRST POSITION
ANSHU YADAV
MEERUT



SECOND POSITION
DIKSHA SHARMA
BAREILY



THIRD POSITION
ALEENA PARVEEN
BIJNOR

## ROVER SECTION



FIRST POSITION
AMIT KUMAR CHOUHAN
BALLIA



SECOND POSITION
SANDEEP KUMAR
JHANSI



THIRD POSITION
SACHIN KUMAR
HARDOI

## RANGER SECTION



FIRST POSITION
PAYAL PRIHAR
JHANSI



SECOND POSITION
SRISHTI
BANDA



THIRD POSITION
POONAM VERMA
AGRA

## CUB SECTION



CONSOLATION AWARD
AKSHAJ SHUKLA
AMBEDKAR NAGAR



CONSOLATION AWARD
AMIT KUMAR YADAV
AMBEDKAR NAGAR



CONSOLATION AWARD
KUSHAGR GUPTA
AMBEDKAR NAGAR

## BULBUL SECTION



CONSOLATION AWARD
KASHVI PATEL
AMBEDKAR NAGAR



CONSOLATION AWARD
ARYA UPADHYAY
AMBEDKAR NAGAR



CONSOLATION AWARD
VIDUSHI
MEERUT

# प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

## प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति बैठक

सत्र 2022-23 में प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक दिनांक 29 सितम्बर, 2022 को डॉ० प्रभात कुमार, प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय, भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० की अध्यक्षता में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, निशातगंज, लखनऊ में आहूत की गयी। बैठक में कुल 21 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। बैठक में दिनांक 04 से 10 जनवरी, 2023 की अवधि में पाली, राजस्थान में सम्पन्न होने वाली 18वीं राष्ट्रीय स्काउट/गाइड जम्बूरी के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। प्रादेशिक मुख्यालय से ऑनलाइन प्रमाण पत्र निगर्मन एवं प्रादेशिक संस्था की बेवसाइट से जनपदो को जोड़ने की अद्यतन स्थिति से सदस्यों को अवगत कराया गया। बैठक में विश्वविद्यालय को जनपद संस्था बनाये जाने की दिशा में प्रगति आख्या एवं सी०बी०एस०ई० स्कूलो में यूनिट गठन के सम्बन्ध में अद्यतन आख्या प्रस्तुत की गई।

उक्त के अतिरिक्त सदस्यों को वर्तमान प्रादेशिक परिषद के तीन वर्षो के कार्यकाल और उससे पूर्व के तीन वर्षो के कार्यकाल की संस्था की तुलनात्मक वित्तीय स्थिति से अवगत कराया गया। प्रादेशिक परिषद की आगामी बैठक मा० अध्यक्ष महोदय की अनुमति लेते हुए माह दिसम्बर, 2022 में सम्पन्न कराने का निर्णय लिया गया।




## सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की मासिक बैठक

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी की अध्यक्षता में समस्त जनपदो की स्काउट/गाइड गतिविधियों की समीक्षा हेतु सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की बैठक दिनांक 29 सितम्बर 2022 को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, निशातगंज, लखनऊ में आयोजित की गई | बैठक में माननीय प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये |



## जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) कार्यशाला

प्रादेशिक मुख्यालय, भारत स्काउट और गाइड, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ के नेतृत्व में प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के दिशा निर्देशन में प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री अरविंद कुमार श्रीवास्तव के संचालन में तीन दिवसीय जिला प्रशिक्षण आयुक्त कार्यशाला का उद्घाटन दिनांक 21 जुलाई 2022 को पलक लाँन देवरिया में जिला मुख्यायुक्त / मुख्य विकास अधिकारी श्री रविंद्र कुमार ने किया । मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम विभिन्न जनपदों से आए हुए जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) का देवभूमि देवरिया में स्वागत किया और कहा कि आप जनपद के रीढ़ है और जिलों में ट्रेनिंग का संपूर्ण प्रभार आप पर होता है। इसलिए इस कार्यशाला में बताए गए नियम, निर्देश और उद्देश्यों का अपने- अपने जनपद में जाकर अक्षरशः पालन कराना है जिससे जमीनी स्तर पर और बल मिल सके साथ ही जिला संस्था के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि जनपद देवरिया पहले की भांति स्काउटिंग/गाइडिंग के क्षेत्र में प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहेगा। इस कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ० विनोद कुमार राय ने मुख्य अतिथि द्वारा कही गई बातों को सर्वोपरि रखते हुए कहा कि जनपद के प्रत्येक विद्यालय में स्काउटिंग विधा को प्रत्येक छात्र-छात्राओं तक पहुंचाया जाएगा और आपके सपने को साकार किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) मंडल गोरखपुर श्री नौशाद अली सिद्दीकी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कार्यकारिणी के सदस्य श्री रमेश चंद्र सिंह, सह जिला विद्यालय निरीक्षक श्री महेंद्र कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी श्री विजय नारायण पाल, मुख्य परामर्शदाता श्री हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, जिला कमिश्नर गाइड श्रीमती गीता कुमारी, कोषाध्यक्ष श्री वकील सिंह, जिला सचिव श्री शिवानंद नायक, सहायक जिला सचिव डॉ अभिनव सिंह,सहायक कमिश्नर डॉक्टर हरकेश सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य महाराणा प्रताप सिंह, श्री गणेश शंकर शर्मा, श्री अशोक सिंह श्री कौशिक जी, संजय मिश्रा, श्री सुदामा प्रसाद रोवर विनय कुमार शर्मा, राहुल कुमार मद्धेशिया, चंदन मद्धेशिया, नवीन शर्मा, महावीर प्रसाद, रेंजर्स में रंजना मल्ल और पूनम गौतम उपस्थित रहे।



## जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) कार्यशाला

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार (से०नि०आई०ए०एस०) के मार्गदर्शन एवं प्रादेशिक मुख्यालय लखनऊ के नेतृत्व में केशव माधव सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककोड में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उद्घाटन सत्र में विद्यालय के स्काउट एवं गाइड ने सांस्कृतिक कार्यक्रम सरस्वती वंदना, नृत्य एवं देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक बुलंदशहर श्री शिव कुमार ओझा, प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री हीरालाल यादव, प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) मुरादाबाद /बरेली मंडल सुश्री सितारा त्यागी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) आगरा/अलीगढ़ मंडल श्री राकेश कुमार सैनी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) मेरठ एवं सहारनपुर मंडल श्री मयंक शर्मा, विद्यालय के उपाध्यक्ष, प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार मिश्र, मुख्यायुक्त कैप्टन श्री पी० के० शर्मा, जिला सचिव श्री नरेश कुमार शर्मा, जिला कमिश्नर (स्काउट) श्री मनोज कुमार, डी० ओ० सी० श्री पवन कुमार राठी, ए एल टी (स्काउट) श्री ओ पी हंस, कार्यालय प्रभारी श्री मुनीष कुमार उपस्थित रहे। कार्यशाला में जॉब प्रोफाइल आदि विषय पर चर्चा की गई।



## उपलब्धियों की श्रंखला ...

# प्रगति के पथ पर: विगत तीन वर्ष (वर्तमान प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ० महेन्द्र सिंह एवं प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार के कार्यकाल) की उपलब्धियाँ





## कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड तथा रोवर/रेंजर की Census में आशातीत वृद्धि !

संख्यात्मक विवरण


- वर्ष 2019 से विगत 3 वर्ष पूर्व और बाद का तुलनात्मक विवरण :-

| *** | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 |
|---|---|---|---|
| UNITS | 4467 | 4873 | 5609 |
| NUMBER OF MEMBERS | 1,37429 | 1,50141 | 1,79038 |

| *** | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|
| UNITS | 12087 | 7650 | 8716 |
| NUMBER OF MEMBERS | 354967 | 218340 | 250949 |

## संख्यात्मक ग्राफ

- वर्ष 2019 से विगत 3 वर्ष पूर्व और बाद का तुलनात्मक ग्राफ :-




## कोटामनी धनराशि विवरण


- वर्ष 2019 से विगत 3 वर्ष पूर्व और 3 वर्ष बाद का कोटामनी के मद में राष्ट्रीय मुख्यालय को प्रेषित धनराशि का तुलनात्मक विवरण:-

| 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 |
|---|---|---|
| **10,13,542.00** | **11,04,950.00** | **13,14,302.00** |

| **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** |
|---|---|---|
| **22,17,126.00** | **20,31,680.00** | **23,10,990.00** |

## कोटामनी धनराशि ग्राफ

- वर्ष 2019 से विगत 3 वर्ष पूर्व और 3 वर्ष बाद का कोटामनी के मद में राष्ट्रीय मुख्यालय को प्रेषित धनराशि का तुलनात्मक ग्राफ :-





# वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान किये गए अभूतपूर्व कार्य तथा सेवा: राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा पुरस्कृत

इन्नोवेटिव नेतृत्व

- प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के Innovative नेतृत्व में जनपद स्तर पर वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान समाज की सेवा हेतु निम्न बैंको की स्थापना की गई :-

1 . **Soap & Disinfectant Bank**
2 . **Grain Bank**
3 . **Sanitary Pad Bank**
4 . **Time Bank**
5 . **Covid Warrior Team**
6 . **Mask Bank**









प्रमुख कार्य

- वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की समस्त जिला संस्थाओ द्वारा उक्त 06 बैंको के अतिरिक्त निम्न प्रमुख कार्य किये गये :-

## जागरूकता कार्यक्रम





## भोजन वितरण कार्यक्रम

## मास्क बनाना





मास्क वितरण



सोशल डिस्टेंसिंग हेतू जागरूकता



सेनीटाईजेशन कार्य




श्रमिको की सहायता



बैंको में सोशल डिस्टेंसिंग हेतू जागरूकता



आरोग्य सेतु एप को डाउनलोड करने हेतू
जागरूकता कार्यक्रम



सुरक्षा कवच एप को डाउनलोड करने हेतू
जागरूकता कार्यक्रम

## शासन के निर्देशों का पालन करने हेतू जागरूकता






## रंगोली बनाकर जागरूकता

## पोस्टर बनाकर जागरूकता






## कोरोना योद्धाओ का सम्मान

## क्वारेंटाइन सेंटर में सेवा कार्य



## RECOGNITION AND APPRECIATION

- BHARAT SCOUTS & GUIDES, U.P. RECEIVED APPRECIATION AND RECOGNITION FOR THE VALUABLE SERVICES RENDERED BY THE ASSOCIATION DURING THE PANDEMIC OF COVID-19


2 2 0 2 2 0 2 1
D D M M Y Y Y Y

PAY UTTAR PRADESH STATE BHARAT SCOUTS AND GUIDES

RUPEES THIRTY THOUSAND ONLY Rs./ रू. 30,000.00

THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES

FOR EXCELLENT SERVICE RENDERED DURING COVID-19 PANDEMIC



# प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र प्रयागराज तथा विद्यालय का कायाकल्प

केंद्र की भूमि की लीज़ जो वर्ष 2015 में समाप्त हो गई थी, का प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार के व्यक्तिगत प्रयासों से 2021 में 30 वर्ष के लिए नवीनीकरण। उल्लेखनीय है कि लीज़ नवीनीकरण के अभाव में केंद्र वर्ष 2015 से अनियमित रूप से संचालित था तथा रक्षा मंत्रालय से showcause notices आ रहे थे।






प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज की बाउँडरी का निर्माण PDA के माध्यम से लगभग 2.0 करोड़ की लागत से ज़िले की अवस्थापना निधि से कराया गया। इस व्यवस्था से संस्था को रु० 2 करोड़ (लगभग) की बचत हुई है|





ब्वायज तथा गर्ल्स हास्टल का प्रथक-प्रथक निर्माण व सुसज्जतीकरण





## ट्वायलेट ब्लाक का स्काउट/गाइड के लिए प्रथक-प्रथक निर्माण






## प्रोजेक्टर की सुविधा युक्त 02 ए०सी० क्लास रूम का निर्माण




## M0DERN DINNING HALL का निर्माण




## OPEN AIR GYMNASIUM का निर्माण



## COMPUTER LAB का निर्माण

*WITH 36 NEW COMPUTERS



## WATER SUPPLY- वर्षो से ख़राब ट्यूबवेल की मरम्मत कार्य एवं 24 घंटे पानी की आपूर्ति



## Wi-Fi CAMPUS हाई स्पीड इन्टरनेट के साथ

03 हाई स्पीड डिवाइस के माध्यम कैम्पस को वाई-फाई किया गया




## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र पर OUTDOOR तथा INDOOR खेलो की सुविधा




## TOTAL CCTV से निगरानी



## 20 KVA GENERATOR SET INSTALLED FOR 24 hr. ELECTRICITY




## बाऊडरी के बाहर तथा अन्दर वृक्षारोपण



## केन्द्र के अन्दर रोड पर डामरीकरण का कार्य



## समस्त विद्यालय में फर्श पर टाईलिंग कार्य



## स्मार्ट क्लास रूम का निर्माण प्रोजेक्शन फैसिलिटी सहित



विद्यालय भवन की मरम्मत एवं व्हाईट वाशिंग



बच्चो के लिए ट्वायलेट्स का निर्माण



प्राइमरी सेक्शन के लिए चिल्ड्रेन पार्क का निर्माण



*स्पोर्ट काम्प्लेक्स निर्माणाधीन








# Website (www.bsgup.org) का निर्माण एवं Online कार्यों का शुभारम्भ !

## संस्था की वेबसाइट का शुभारम्भ

- वर्तमान प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के निर्देशन में उत्तर प्रदेश की स्काउटिंग / गाइडिंग गतिविधियों और जानकारियों को जन-जन तक पहुचानें हेतु संस्था की वेबसाइट **www.bsgup.org** शुभारम्भ दिनांक 27 मई 2019 को SIEMAT प्रयागराज के सभागार में किया | जिसमे निम्नजानकारियां उपलब्ध है:-

**HOME PAGE**

- ❑ FOUNDATION OF SCOUTTING
- ❑ DEVELOPMENT OF INDIAN SCOUTING
- ❑ GROWTH OF STATE SCOUTING
- ❑ OUR LEGEND
- ❑ MILESTONE
- ❑ ACHIVMENTS
- ❑ OUR ACCESS





















# प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा) का कायाकल्प !

## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत में विभिन्न भवनों का निर्माण :-

- प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत जो वर्षो से कई बुनियादी सुविधाओ के आभाव में था जिसका निर्माण कार्य वर्तमान प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के निर्देशन में राजस्व अभिलेखों में संस्था का नाम सुनिश्चित होने के उपरान्त कराया जा रहा है |

- प्रशासनिक भवन
- किचन ब्लाक
- मल्टीपर्पस ब्लाक/डायनिंग हाल
- हास्टल ब्लाक
- बालक एवं बालिकाओं हेतु प्रथक प्रथक ट्वायलेट्स ब्लाक
- बाउंडरी वाल
- केयर टेकर ब्लाक, आदि |




## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत के निर्माण में लागत विवरण :-

- प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत का निर्माण कार्य, संस्था के सृजनात्मक कार्यो से प्राप्त आय से किया जा रहा है |

**कुल निर्माण लागत -**
**रु० 4,45,13,653**

**कुल व्यय (अब-तक) -**



Admin Block



Kitchen Block + Dining Block + Multi Purpose Hall



Hostel Block



Care Taker Block



Toilet Block



Front Boundary



Septic Tank Under Construction








# वयस्क प्रशिक्षण कार्यों में अभूतपूर्व वृद्धि !

## विशेषज्ञता शिविर

वर्ष 2019 से विगत 3 वर्ष पूर्व और 3 वर्ष बाद का विशेषज्ञता शिविरों में प्रतिभागिता विवरण :-

| YEAR | Specialized Course | | TOAL |
|---|---|---|---|
| | SCOUT WING | GUIDE WING | |
| 2016-17 | 0 | 0 | 0 |
| 2017-18 | 63 | 84 | 147 |
| 2018-19 | 216 | 278 | 494 |
| 2019-20 | 68 | 37 | 102 |
| 2020-21 | 532 | 312 | 844 |
| 2021-22 | 1194 | 1194 | 2388 |




## स्पेशल कोर्स (बी०एड०/डी०एल०एड०) विवरण



वर्ष 2019 से विगत 3 वर्ष पूर्व और 3 वर्ष बाद का बी०एड०/ डी०एल०एड० शिविरों के प्रतिभागिता का तुलनात्मक विवरण एवं ग्राफ :-

| YEAR | SPECIAL COURSE B.ed/D.led | | |
|---|---|---|---|
| | SCOUT WING | GUIDE WING | TOTAL PARTICIPANTS |
| 2016-17 | 9938 | 0 | 9938 |
| 2017-18 | 11797 | 11797 | 23594 |
| 2018-19 | 15102 | 15102 | 30204 |
| 2019-20 | 19911 | 19911 | 39822 |
| 2020-21 | 5465 | 9966 | 15431 |
| 2021-22 | 16734 | 27701 | 44435 |




## ट्रेनर्स प्रशिक्षण विवरण



वर्ष 2019 से विगत 3 वर्ष पूर्व और 3 वर्ष बाद का ट्रेनर्स के प्रशिक्षण (ए०एल०टी० एवं एल०टी० (स्काउट/गाइड) की संख्या में वृद्धि का विवरण एवं ग्राफ :-

| YEAR | ALT COURSE | | LT COURSE | | TOTAL IN YEAR WISE |
|---|---|---|---|---|---|
| | SCOUT WING | GUIDE WING | SCOUT WING | GUIDE WING | |
| 2016-17 | 60 | 7 | 26 | 20 | 113 |
| 2017-18 | 66 | 28 | 34 | 20 | 148 |
| 2018-19 | 73 | 35 | 44 | 20 | 172 |
| 2019-20 | 81 | 47 | 46 | 31 | 205 |
| 2020-21 | 84 | 51 | 49 | 35 | 219 |
| 2021-22 | 117 | 70 | 49 | 35 | 271 |




## अनुदानित शिविर

वर्ष 2018-19 में बेसिक विभाग द्वारा पंजीकृत विद्यालयों के कब मास्टर/फ्लाक लीडर/स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन हेतु शासन से प्राप्त अनुदान के सापेक्ष अब तक निम्न विवरणानुसार यूनिट लीडर्स को प्रशिक्षित किया गया | यह उपलब्धि संस्था को वर्ष 2019-20 में प्रथम बार वर्तमान प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के अथक प्रयासों से संभव हुई :-



| BASIC COURSE FOR CUB MASTER/FLOCK LEADER | | BASIC COURSE FOR SCOUT MASTER/GUIDE CAPTIAN | | TOTAL |
|---|---|---|---|---|
| SCOUT WING | GUIDE WING | SCOUT WING | GUIDE WING | |
| 836 | 660 | 637 | 520 | 2653 |

## बिगनर्स कोर्स

वर्ष 2019 से बिगनर्स कोर्स में प्रतिभागिता विवरण :-

| YEAR | BEGINNERS COURSE *Start From 2019-20 | | |
|---|---|---|---|
| | SCOUT WING | GUIDE WING | TOTAL PARTICIPANTS |
| 2016-17 | 0 | 0 | 0 |
| 2017-18 | 0 | 0 | 0 |
| 2018-19 | 0 | 0 | 0 |
| 2019-20 | 2654 | 2654 | 5308 |
| 2020-21 | 0 | 0 | 0 |
| 2021-22 | 543 | 543 | 1086 |



## प्रथम बार विभिन्न ऑनलाइन कोर्सो का शुभारम्भ : -

- * कोविड काल में सभी प्रकार की गतिविधियाँ बंद होने के पश्चात् भी वर्तमान प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के इन्नोवेटिव नेतृत्व में स्काउटिंग / गाइडडिंग गतिविधियों को सुचारू रूप से जारी रखने हेतु विभिन्न ऑनलाइन कोर्सो का आयोजन किया गया | जिसमे प्रतिभागियों से आवेदन भी ऑनलाइन प्राप्त किये गये :-







# New Initiatives !

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था में विभिन्न New Initiatives का शुभारम्भ :-

- वर्तमान प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी इन्नोवेटिव नेतृत्व में निम्न 04 Initiatives की शुरुआत की गई :-
  - बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता
  - सर्वोच्चतम जनपद पुरस्कार योजना
  - चीफ कमिश्नर फैलोशिप
  - त्रैमासिक पत्रिका "तेजल"



## बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता

प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता हेतु समस्त 75 जनपदों से कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड, और रोवर/रेन्जर के कुल 8,355 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे | जिनकी परीक्षा 25 चयनित केन्द्रों पर दिनांक 21 मई 2022 को आयोजित की गई | जिसमे कुल 4067 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | इस परीक्षा से 200 चयनित प्रतिभागियों की मुख्य परीक्षा दिनांक 28 जून 2022 को भारत स्काउट और गाइड, इन्टर कॉलेज, प्रयागराज में आयोजित की गई |

## सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना

वर्तमान प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के इनोवेटिव नेतृत्व में प्रदेश स्तर पर सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना प्रारम्भ की गई है। सभी जनपदों को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है श्रेणी "ए" में 35 जनपद तथा श्रेणी बी में 40 जनपद रखे गये है |

## चीफ कमिश्नर फैलोशिप

वर्तमान प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के इन्नोवेटिव नेतृत्व में स्काउटिंग/गाइडिंग के क्षेत्र में नवाचार तथा जनहित के विकास के प्रोजेक्ट को स्काउट/गाइड के माध्यम से बढ़ावा देने के लिए चीफ कमिश्नर्स योजना प्रारम्भ की गई। इसमें चयनित प्रोजेक्ट को रु० 1,00000 तक की धनराशि देने का प्रावधान है |

## त्रैमासिक पत्रिका "तेजल"

वर्तमान प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के इनोवेटिव नेतृत्व में जुलाई 2021 से त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है | जिसके 05 अंक प्रकाशित किये जा चुके है |

पत्रिका मे मुख्यत: निम्न Content को प्रकाशित किया जाता है :-

- प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत के निर्माण कार्य की प्रगति |
- प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज में आयोजित होने वाले कार्यक्रम |
- प्रदेश / मण्डल और जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम |
- प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रम |
- लेख एवं कहानियाँ



# संस्था की सदस्यता में अभूतपूर्व वृद्धि !

## भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था की सदस्यता में संख्यात्मक वृद्धि विवरण एवं ग्राफ :-

- वर्ष 2019 के बाद संस्था के आजीवन सदस्यता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है वर्तमान प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के निर्देशन समस्त स्तर के पदाधिकारियों के सहयोग एवं व्यक्तिगत सम्पर्क से यह उपलब्धि संस्था को प्राप्त हुई है |
- **वर्ष 2019 से पहले आजीवन सदस्य --- 951**
- **वर्ष 2019 के बाद नये आजीवन सदस्य ---2794**




## संस्था की सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रतिष्ठित पद एवं विभाग :-

प्रशासनिक पद :-

- आई०ए०एस०
- पी०सी०एस०
- मुख्य विकास अधिकारी

शिक्षा विभाग के पद :-

- निदेशक
- संयुक्त शिक्षा निदेशक
- सहायक शिक्षा निदेशक
- समन्वयक (एन०एस०एस०)
- उप शिक्षा निदेशक
- जिला विद्यालय निरीक्षक
- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
- प्राचार्य डाएट
- खंड शिक्षा अधिकारी
- प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या

संस्था के पद :-

- जिला मुख्यायुक्त
- जिला आयुक्त (स्काउट/गाइड)
- जिला सचिव
- जिला संगठन/ प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड)
- जिला स्काउट मास्टर/ गाइड कैप्टन
- स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन

शासकीय विभाग :-

- लोक सेवा आयोग
- कृषि विभाग
- सचिवालय
- उच्च शिक्षा विभाग
- माध्यमिक शिक्षा विभाग
- बेसिक शिक्षा विभाग
- पंचायती राज विभाग
- चिकित्सा विभाग
- वन विभाग
- ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग

अन्य :-

- पत्रकार
- डाक्टर्स
- इन्जीनियर
- व्यापारी
- समाजसेवी

- **लाभ**

**1) अधिक सदस्य - संस्था की अधिक क्षमता**

**2) अधिक विविधतापूर्ण कार्य संस्कृति**

**(Work culture full of diversity)**

**3) Inclusive organisational culture: Social, educational, and thinking.**

**4) More hands to join and work**

**5) Better branding of BSGUP**

**6) Better visibility**

# Partnership Projects

- वर्तमान प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के इन्नोवेटिव नेतृत्व में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था, सरकार के विभिन्न प्रोजेक्ट और संस्थाओ के साथ मिलकर स्काउट/गाइड, रोवर/रेन्जर और यूनिट लीडर्स को जीवन उपयोगी प्रशिक्षण कराया जा रहा है | यह स्वर्णिम अवसर संस्था को प्रथम बार उपलब्ध हो पाया है |




## दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (BSG NHQ के साथ Collaboration) :-

- दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना Skill Mission of India के अंतर्गत भारत स्काउट्स और गाइडस राष्ट्रीय मुख्यालय एवं भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के द्वारा collaboration में संयुक्त रूप से प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र प्रयागराज में संचालित किया जा रहा है। जिसमे 03 वर्षो में 13 जनपदों के 503 ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को निम्न रोज़गार परक प्रशिक्षण कराया जा रहा है | अब तक 160 युवाओ को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है | और 60 युवा रोज़गार भी प्राप्त कर चुके है |

- **कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव**
- **रिटेल सेल्स एक्जीक्यूटिव**

DDU-GKY
Deen Dayal Upadhyaya Grameen Kaushalya Yojana
Empowering India • Powering the World







## उ०प्र० राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (UPSDMA) के साथ Collaboration :-

- भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश को राहत आयुक्त, उ०प्र० शासन से प्राप्त अनुदान के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद में 50 सदस्यीय आपदा प्रबन्धन राहत टास्क फ़ोर्सयोजना के अन्तर्गत 20 जनपदों के 440 स्वंय सेवक (स्काउट/गाइड) एवं प्रादेशिक मुख्यालय के अधिकारियों को प्रशिक्षण कराया गया |






## राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (NDMA) के साथ Collaboration :-

- प्रदेश के समस्त जनपदों में आपदा मित्र योजना के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद में SDRF के सहयोग से आपदा प्रबन्धन कार्य में स्वंय सेवको (स्काउट/गाइड) को प्रशिक्षित किया गया है| जिसमे बुलंदशहर में 25 और लखनऊ में 43 आपदा मित्र का प्रशिक्षण जिला प्रशासन केमाध्यम से संपन्न हो चुका है | प्रत्येक जनपद से 04-04 प्रतिभागियों को 28 सितम्बर 2022 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली मेंराष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिभागिता हेतु आमन्त्रित किया गया है |






## Unicef के साथ Collaboration :-

- भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के स्वयंसेवक और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में निम्न विषयों पर सम्पूर्ण प्रदेश में कार्य किया जा रहा है| यूनिसेफ द्वारा समस्त जनपदों को 1 मेगा फोन,45 मास्क, 45 कैप, 120 बुकलेट भी उपलब्ध कराई है :-

1. E-Garima
2. C-19 Vaccination and CAB
3. Water and Sanitation
4. Adolescents Nutrition & AMB
5. Adolescent life skills & Protection












## Population Foundation of India के साथ Collaboration :-

- भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश और पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में एजुकेटली-ARSH कार्यक्रम के तहत स्काउट/गाइड को किशोर स्वास्थ्य और कल्याण के विभिन्न पहलुओं पर प्रासंगिक जानकारी को संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्ण तरीके से जानकारी देने के लिए सुविधा तथा कौशल को मजबूत करने के लिए प्रदेश/मंडल और जनपद स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है |कार्यक्रम में स्काउट और गाइड ऑनलाइन प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर रहे है :-
- लिंक : https://educately.org/p/bsgup











## जनपदीय कार्यक्रम

### मण्डल – आगरा

### जनपद – आगरा



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद आगरा के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव 13 से 15 अगस्त हर घर तिरंगा जागरूकता अभियान के अंतर्गत हर घर तिरंगा रैली दिनांक 11 अगस्त 2022 को श्री रत्नमुनि जैन इण्टर कॉलेज से निकाली गई | इस रैली में संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा मंडल, जिला मुख्यायुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्री मनोज कुमार जी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री राकेश सैनी, ज़िला कमिश्नर (स्काउट) डा० अनिल कुमार वशिष्ठ, जिला कमिश्नर (गाइड) डा० ममता शर्मा, जिला सचिव श्रीमती रेनू भारद्वाज, जिला कार्यालय प्रभारी डॉ० शमा गुप्ता, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री लाखन सिंह, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री महेश कुमार सैनी एवं जिला संगठन आयुक्त (गाइड) भावना सिंह, सीनियर रोवर लीडर विशाल कुमार, डॉ० दिग्विजय पचौरी, डॉ० यतेंद्र कुमार जैन, शिव कुमार शर्मा, राजीव अग्रवाल, राजीव शर्मा, सुधीर जैन, गणतंत्र जैन, विवेक दीक्षित, चंद्रभान सिंह, संजीव कुमार, डॉ० राम धारा जय किशन सहित स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर्स उपस्थित रहे। साथ ही विकासखंड फतेहपुर सीकरी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय चौमा शाहपुर में भारतीय स्काउटिंग के जनक पंडित श्री राम बाजपेयी जी का जन्म दिवस 11 अगस्त 2022 को बहुत ही हर्षौल्लास के साथ मनाया गया |






### जनपद – फिरोजाबाद

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री आनंद बाबू के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य आजादी के अमृत महोत्सव लोक राष्ट्रीय इण्टर कालेज जसराना फिरोजाबाद मे धूमधाम से मनाया गया। जिसके अन्तर्गत ध्वजारोण के बाद रैली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये | कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री दिनेश चंद्र शुक्ला द्वारा संस्था के संस्थापक श्री शंकरलाल शुक्ला की मूर्ति को माला पहनाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया | सभी शिक्षकों, प्रधानाचार्य सहित प्रबन्धक ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित किये | संस्कृतिक कार्यक्रम में श्रीमती प्रीति, संध्या शर्मा, अमित कुमार, रजनीश शर्मा की विशेष भूमिका रहीं | शिक्षकों ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने विचार रखे | विद्यालय की गाइड कैप्टन श्रीमती जगदंबा पाठक के नेतृत्व में गाइड टीम ने अनुशासन व्यवस्था बनाने में विशेष भूमिका निभाई |



## मण्डल – मेरठ

### जनपद – मेरठ

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० जनपद मेरठ के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव 75 वीं वर्षगांठ कार्यक्रम के अंतर्गत स्काउट भवन मेरठ के द्वारा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस बहुत उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा रैली भी निकाली गई जिसमें 400 स्काउट/गाइड ने प्रतिभाग किया, देश भक्त वीरांगनाओ की वेशभूषा में तिरंगे के रंगों के साथ आम जनता को देश प्रेम का संदेश दिया गया | इस अवसर पर स्काउट/गाइड के लिये पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई, इसमें मेरठ खादी ग्रामोद्योग आयोग मंत्रालय भारत सरकार के डायरेक्टर श्री राजेश कुमार, जिला मुख्यायुक्त श्रीमती रेखा शर्मा, जिला सचिव डॉ० गौरव पाठक व जिला कोषाध्यक्ष डॉ० अंशु श्रीवास्तव, श्रीमती रेहाना सुल्तान जिला कार्यालय से श्री सोमेंद्र सिंह, श्रीमती ज्योति शर्मा ने संचालन किया | श्री सोनू कुमार, श्री संजय कुमार गुप्ता उपस्थित रहे |









### जनपद – गाजियाबाद

भारत स्काउट और गाइड,उत्तर प्रदेश जनपद गाजियाबाद द्वारा आजादी के 75वें अमृत महोत्सव को जनपद की अलग-अलग तहसीलों में तिरंगा रैली निकालकर मनाया गया | सर्वप्रथम गाजियाबाद तहसील में रैली का आयोजन शंभू दयाल इंटर कॉलेज से प्रारंभ हुआ तथा मेरठ रोड पर जाकर समाप्त किया गया | रैली को जिला मुख्यायुक्त श्री देवेंद्र कुमार जी ने झंडी दिखाकर रवाना किया । द्वितीय चरण में लोनी तहसील में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिसे जिले के कोषाध्यक्ष आमिर अली जी ने झंडी दिखाकर रवाना किया । रैली में 15 महाविद्यालयों के लगभग 200 स्काउट गाइड तथा सीनियर रोवर रेंजर ने प्रतिभाग किया | तृतीय चरण में मोदीनगर तहसील में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिसे जिला संस्था के सचिव श्री सतीश चंद्र अग्रवाल जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया | सभी स्काउट गाइड के हाथों में तिरंगा तथा भारत माता की जय के उद्घोष के साथ मोदीनगर, का किया गया इस सत्र का संचालन संस्था के जिला संगठन आयुक्त श्री श्याम सिंह एवं श्रीमती रिंकू चौधरी द्वारा किया गया ।



### जनपद – हापुड़

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, जनपद हापुड़ के तत्वावधान में दिनांक 24 से 30 अगस्त 2022 तक सात दिवसीय बेसिक कोर्स फॉर स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन शिविर राज कुमार गोयल गर्ल्स डिग्री कॉलेज, गढ़मुक्तेश्वर में शिविर संचालक (स्काउट) श्री सोनू कुमार (सहायक लीडर ट्रेनर) शिविर संचालक (गाइड) श्रीमती रेहाना सुल्तान (लीडर ट्रेनर) के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर में सभी प्रतिभागियों ने तंबू निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा, कैंप क्राफ्ट, गैजेट एवं रंगोली का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर (स्काउट) मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा, जिला संस्था के उपाध्यक्ष श्री अमृत सिंह चौहान, श्रीमती गार्गी चौहान, जिला कमिश्नर (स्काउट) श्री राजेश यादव, जिला कमिश्नर (गाइड) श्रीमती पारुल त्यागी, जिला सचिव श्री रामवीर सिंह पुंडीर, महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य श्री विपुल गोयल आदि उपस्थित रहे।



# मण्डल – सहारनपुर

## जनपद – शामली

जिला संस्था के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये | संस्था की अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी सुश्री जसजीत कौर जी (आई०ए०एस०), एस०डी०एम० कैराना एवं जिला मुख्यायुक्त श्री शिव प्रकाश यादव जी (पी०सी०एस०), कर्मठ सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा जी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्री सरदार सिंह जी के संरक्षण एवं नेतृत्व में स्काउट और गाइड की गतिविधियां तथा कार्यक्रम सुचारू रूप से गतिमान है। दिनांक 16 से 20 अगस्त 2022 तक श्री चन्दनलाल नेशनल इण्टर कालेज कांधला में 259 स्काउट और गाइड का तृतीय सोपान जाँच/प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जनपद में बी०एड० प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया तथा स्काउट/गाइड को प्रवेश, प्रथम और द्वितीय सोपान का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा सप्ताह, कांवड़ सेवा, आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराये गये। सभी कार्यक्रम में जिला आयुक्त (स्काउट/गाइड) डॉ०अमित मलिक जी, डॉ० रुचिता ढाका जी, जिला सचिव डॉ० हीरा सिंह जी, जिला कोषाध्यक्ष श्री अभिषेक शर्मा जी, जिला संगठन आयुक्त श्रीमति गीता देवी, श्री सुरेश कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## जनपद – सहारनपुर

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० के प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ०प्रभात कुमार आई०ए०एस० (से०नि०) ने स्काउटिंग और गाइडिंग के कार्यों को त्वरित गति प्रदान करने के लिए जनहित में जिलाधिकारी जनपद सहारनपुर श्री अखिलेश सिंह (आई०ए०एस०) को स्काउट/गाइड जिला संस्था सहारनपुर का अध्यक्ष नामित किया। कलेक्ट्रेट सहारनपुर में सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर (स्काउट) मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा ने जिलाधिकारी सहारनपुर से मिलकर बधाई दी एवं स्काउटिंग गतिविधियों पर चर्चा की| जनपद में प्रगतिशील प्रशिक्षण, स्वतंत्रता दिवस, काँवड़ सेवा शिविर आयोजित हुए। जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रविदत्त, पूर्व जिला मुख्यायुक्त श्री कुलभूषण जैन, जिला मुख्यायुक्त श्री सतीश कौशिक, जिला आयुक्त श्रीमती अलका भारद्वाज, जिला सचिव श्री दीपक कुमार गुप्ता, अनिल भारद्वाज, उषा तोमर, राजपाल सिंह, दीपमाला, मोहित आदि का सहयोग रहा।



# मण्डल – अलीगढ़

## जनपद – हाथरस

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद हाथरस के तत्वाधान में गणेश चतुर्थी के अवसर पर श्री दाऊजी महाराज के मेले में शहर के विभिन्न कॉलेजों के लगभग 60 स्काउट एवं गाइड ने बैंड बाजे के साथ रैली निकालते हुए मेले में अपना सहयोग दिया । इस मौके पर ओसी कलेक्ट्रेट विपिन कुमार शिवहरे के साथ प्रधानाचार्या साधना शर्मा, मौजूद रही |



## जनपद – अलीगढ़

भारत स्काउट और गाइड उ०प्र०, जनपद अलीगढ़ के तत्वाधान में दिनांक 30 अगस्त से 6 सितम्बर 2022 की अवधि में लाल बहादुर शास्त्री कन्या महाविद्यालय अलीगढ़ में बेसिक कोर्स/ एडवांस कोर्स फॉर स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन शिविर का आयोजन किया गया | जिसमे 62 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | शिविर का संचालन क्रमश: श्री रईस अहमद, श्री मंगली प्रसाद एवं सुश्री निर्मल अरोरा, डॉ० अनुराधा सिंह के द्वारा किया गया | प्रशिक्षक के रूप में श्री शिवम मौर्य, श्री कुलदीप सक्सेना, डॉ० रामजियावन वर्मा, सुश्री नीरज पाण्डेय, सुश्री शशिबाला ने दायित्यो का निर्वहन किया गया | उक्त शिविर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री राकेश कुमार सैनी की देख रेख में सम्पन्न हुआ।





## मण्डल – आज़मगढ़

## जनपद – बलिया

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, जनपद बलिया की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला मुख्यायुक्त डॉ शैलजा राय की अध्यक्षता में तथा सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त आजमगढ़ श्री नौशाद अली सिद्दीकी के निर्देशन में दिनांक 15 सितंबर 2022 को कुंवर सिंह इंटर कॉलेज के सभागार में संपन्न हुई । बैठक की शुरुआत स्काउट /गाइड प्रार्थना से हुई। जिला सचिव राजेश कुमार सिंह द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक में गत कार्यवाही की पुष्टि, वर्ष 2021-22 में संपन्न स्काउट/ गाइड एवं वयस्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आख्या तथा 2022- 23 की कार्य योजना क्रमशः जिला संगठन आयुक्त सौरभ कुमार पाण्डेय तथा जिला प्रशिक्षण आयुक्त ओम शंकर यादव द्वारा प्रस्तुत की गई। जिला कोषाध्यक्ष श्री अरविंद कुमार सिंह ने आय-व्यय की आख्या प्रस्तुत की। जिला मुख्यायुक्त ने अपने संबोधन में शत प्रतिशत विद्यालयों का पंजीकरण एवं नवीनीकरण कराने पर बल दिया गया |




## जनपद – मऊ




भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद मऊ के तत्वाधान में दिनांक 9 से 15 सितंबर तक रामस्वरूप इंटर कॉलेज भीटी में सात दिवसीय बेसिक स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन शिविर का आयोजन किया गया | जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला मुख्यायुक्त श्री देव भास्कर तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद वाराणसी के जिला सचिव डॉ उमेश कुमार सिंह के द्वारा कैंप का उद्घाटन किया गया । धन्यवाद ज्ञापन जनपद मऊ के जिला सचिव श्री दिनेश कुमार जी के द्वारा किया गया किया।

# मण्डल – बरेली

## जनपद – बरेली

भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. जिला संस्था बरेली के तत्वाधान में दिनांक 11 अगस्त 2022 को भारतीय स्काउटिंग के जनक पंडित श्री राम वाजपेयी जयंती का आयोजन बिशप मंडल इण्टर कॉलेज, बरेली में किया गया| इस अवसर पर संयुक्त शिक्षा निदेशक बरेली मंडल श्री अजय कुमार द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री सोमारू प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री विनय कुमार द्वारा पंडित श्री राम वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई I इस अवसर पर स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर द्वारा हर घर तिरंगा अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत रैली का आयोजन कार्यालय मंडलायुक्त बरेली मंडल बरेली सेल्वा कुमारी जे. द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया | इस अवसर पर डॉ हरिओम मिश्र जिला मुख्यायुक्त, डॉ शरदकांत शर्मा जिला कमिश्नर स्काउट, जगमोहन सिंह जिला सचिव, हरिलाल शर्मा सहा० कमिश्नर स्काउट, पुष्पकांत शर्मा जिला ट्रेनिंग कमिश्नर स्काउट, गौरव पाठक जिला संगठन कमिश्नर स्काउट, प्रधानाचार्यो एवं स्काउटर / गाइडर द्वारा प्रतिभाग किया गया I



## जनपद – शाहजहांपुर

जनपद शाहजहांपुर में आर०पी०एफ० निरीक्षक शाहजहांपुर द्वारा रेलवे स्टेशन एवं मलिन बस्ती में स्काउट/गाइड के माध्यम से स्वच्छता रैली निकालकर "स्वच्छ शाहजहांपुर स्वच्छ रेलवे स्टेशन" एवं स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया गया | इस अवसर पर श्री अजय कुमार, निरीक्षक महोदय द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रैली का शुभारम्भ किया | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश के क्रम में आज कम्पोजिट विद्यालय अटसलिया विकासखंड भावल खेड़ा जनपद शाहजहांपुर के स्काउट/गाइड द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया गया | यात्रियों एवं नागरिकों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया गया| स्काउट गाइड द्वारा मलिन बस्ती में जाकर कूड़ेदान का उपयोग करने प्लास्टिक के उपयोग को ना करने के लिए प्रेरित किया गया | कार्यक्रम सुश्री निखत परवीन जिला स्काउट मास्टर एवं सुश्री दपिंदर कौर जिला गाइड कैप्टन के नेतृत्व में संपन्न हुआ |



## जनपद – पीलीभीत

भारत स्काउट और गाइड,उत्तर प्रदेश के जनपद पीलीभीत में दिनांक 29 अगस्त 2022 को जिला कार्यकारिणी की बैठक ड्रमण्ड राजकीय इंटर कालेज में संपन्न हुई । जिसकी अध्यक्षता जिला मुख्यायुक्त / सिटी मजिस्ट्रेट डॉ राजेश कुमार ने की। बैठक में सी०बी०एस०सी० बोर्ड में व महाविद्यालयों में स्काउट गाइड अनिवार्य रूप से संचालन कराने के प्रस्ताव पारित हुआ । साथ ही जनपदीय स्काउट गाइड रैली 6 से 8 नवंबर 2022 को ड्रमण्ड राजकीय इंटर कालेज पीलीभीत में होना प्रस्तावित हुआ और स्काउट भवन का जीर्णोद्धार एवं नवीन निर्माण कार्य कराये जाने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे समस्त कार्यकारिणी ने समर्थन दिया। बैठक में जिला आयुक्त स्काउट डॉ० महेश बाबू, जिला आयुक्त गाइड अनीता सिंह, जिला कोषाध्यक्ष रमाकांत शर्मा, जिला संगठन आयुक्त स्काउट अभिषेक पांडेय, जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडेय, सह आयुक्त गाइड सुखविंदर कौर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सचिन सक्सेना, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड कामिनी गंगवार आदि लोग उपस्थित रहे |



## मण्डल – प्रयागराज

### जनपद – प्रतापगढ़




भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद प्रतापगढ़ के द्वारा मुख्यायुक्त व जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नंद की अध्यक्षता में स्काउट भवन में बैठक आयोजित की गई | बैठक में जनपद के 32 सीबीएसई विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने प्रतिभाग किया । इसमें सीबीएसई से संबद्ध जिले के सभी विद्यालयों में कब/बुलबुल तथा स्काउट/गाइड दलों का गठन और जिला संस्था से पंजीकरण कराने को कहा गया। जिला सचिव डॉ.राघवेंद्र पाण्डेय ने जनपद में स्काउट गाइड की गतिविधियों, जिला कमिश्नर स्काउट प्रमोद कुमार तिवारी ने दलों के पंजीकरण की प्रक्रिया के साथ छात्रों, विद्यालयों और समाज को स्काउटिंग गाइडिंग से मिलने वाले लाभ, सम्मान तथा पुरस्कार आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला। जिला गाइड कमिश्नर गीता यादव ने सबके प्रति आभार ज्ञापन किया । इस अवसर पर प्रयागराज मंडल के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक कमलेश द्विवेदी प्रधानाचार्य संजय शर्मा, एस०के० दास, अंकित शुक्ला, नरेंद्र पांडेय, अनिल सिंह, मनोज पांडेय, बृजेश चौधरी, आलोक विश्वकर्मा, नरेंद्र तिवारी, डॉ. धर्मेंद्र, श्रवण सुकुमारन, मुहम्मद सोनू, विनोद मौर्य के अलावा राजाराम यादव डीओसी, काउंसलर बृजेंद्र, मनोज विश्वकर्मा, हिमांशु शर्मा, गिरेंद्र दुबे आदि उपस्थित रहे।

### जनपद – कौशाम्बी

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद कौशांबी के तत्वाधान में स्काउट और गाइड ने बैंड पार्टी के साथ तिरंगा यात्रा रैली निकालकर घर-घर तिरंगा लगाए जाने के लिए लोगों को प्रेरित किया | तिरंगा यात्रा रैली जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय परिषद से शुरू हुई | श्री बृजेश कुमार मिश्रा जनपद न्यायाधीश ने रैली को हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा रैली को रवाना किया | रैली में जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्याम बाबू यादव, जिला क्रीड़ा सचिव श्यामलाल, स्काउट मास्टर, रामदास, शिवम पांडे प्रधानाचार्य राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज ओसा, मुकेश कुमार शुक्ला प्रधानाचार्य श्री सत्यनारायण कामता प्रसाद शुक्ला इंटर कॉलेज मगरोहनी, साधु राम पाठक प्रधानाचार्य जनार्दन प्रसाद इंटर कॉलेज, प्रधानाचार्य ए एस बी इंटर कॉलेज आदि उपस्थित रहे



## मण्डल – बस्ती

### जनपद – संतकबीरनगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था संत कबीर नगर की कार्यकारिणी की बैठक सहायक प्रादेशिक आयुक्त बस्ती मंडल बस्ती श्री सुरेश तिवारी एवं जिला गाइड कमिश्नर श्रीमती निशा यादव की अध्यक्षता में हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज में संपन्न हुई | बैठक में निम्न बिंदुओं पर विचार किया गया जिसमें आगामी जिला रैली जनपद में बेसिक स्काउट मास्टर कोर्स एवं एडवांस स्काउट मास्टर कोर्स तथा राज्यपाल पुरस्कार कैंप कबीर चौरा मगहर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया बैठक में जिला सचिव श्री रवि प्रकाश श्रीवास्तव के द्वारा समस्त जिले के प्रशिक्षकों को बदले परिवेश के अनुसार प्रशिक्षण एवं अन्य समस्याओं पर निर्देश दिया गया |



## मण्डल – अयोध्या

### जनपद – अयोध्या

अयोध्या स्काउट भवन एवं प्रशिक्षण केन्द्र में बेसिक कोर्स फॉर स्काउट मास्टर/ गाइड कैप्टन शिविर आयोजित किया गया जिसमे जिले के विभिन्न माध्यमिक व बेसिक विद्यालयों के 33 स्काउट मास्टर और 24 गाइड कैप्टन ने प्रतिभाग किया | शिविर का संचालन श्री राम आसरे और श्रीमती साधना शर्मा ने किया | वृहद कैम्प फायर के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, स्वच्छता अभियान, शांति अभियान, राष्ट्रप्रेम तथा अन्य समाजिक मुद्दे शामिल रहे। शिवरार्थी ओम प्रकाश यादव ने शिविर अनुभव व्यक्त किया। इसके पहले जिला मुख्यायुक्त डॉ. राम सुरेश मिश्र ने जिला विद्यालय निरीक्षक को स्मृति चिन्ह भेंट किया तो जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) अनूप मल्होत्रा ने स्कार्फ पहनाकर उनका स्वागत किया। सर्वोदय इंटर कॉलेज के प्रशिक्षार्णी विकास वर्मा ने कैम्पफायर का संचालन किया। इस मौके पर डॉ. मणिशंकर तिवारी, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, वन्दना पाण्डेय, बालजती, निधि महेंद्रा, गीता गुप्ता, वंदना यादव सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



### जनपद – अमेठी

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी की जिला वित्त एवं योजना समिति की बैठक दिनांक 31 अगस्त 2022 को राजकीय बालिका इंटर कालेज, गौरीगंज, अमेठी में संपन्न हुई । जिसकी अध्यक्षता श्री उदय प्रकाश मिश्र, उपाध्यक्ष/जिला विद्यालय निरीक्षक ने की। बैठक में जनपद के समस्त बेसिक, माध्यमिक, सी०बी०एस०सी० विद्यालय, महाविद्यालय मे स्काउट / गाइड / रोवर / रेंजर के यूनिटों का अनिवार्य रूप से संचालन कराने का प्रस्ताव पारित किया गया । जिसे समस्त समिति ने समर्थन दिया । बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय ने कहा कि जल्द ही समस्त माध्यमिक और सी०बी०एस०ई० विद्यालयों की बैठक कर उनमें सुचारू रूप से स्काउटिंग प्रारंभ कराया जाए । बैठक में जिला मुख्यायुक्त श्री जय प्रकाश तिवारी, जिला आयुक्त (स्काउट) श्री मान सिंह, जिला आयुक्त (गाइड) डॉ0 फूलकली गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष श्री राजेंद्र बहादुर सिंह, जिला सचिव श्री राम प्रकाश सिंह, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री शशांक यादव, ट्रेनिंग काउंसलर (स्काउट) शुभम गुप्ता, अंकेश अग्रहरि आदि लोग उपस्थित रहे ।



### जनपद – सुल्तानपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के जिला संस्था सुलतानपुर के द्वारा आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत धोपाप रोड कमल सरोवर लंभुआ, सुलतानपुर में प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश श्री दुर्गा शंकर मिश्र जी द्वारा वृक्षारोपण किया गया | इसके पश्चात मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव जी द्वारा स्काउट गाइड को तिरंगा भेंट किया गया | इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ० रवीश गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी डॉ० अतुल वत्स, सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ० आरव जेव मौर्या, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्री गौरव सिंह के निर्देशन में स्काउट/गाइड ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया | इस कार्यक्रम में सर्वोदय इंटर कॉलेज लंभुआ के स्काउट, राजकीय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर, हनुमत इंटर कॉलेज धम्मौर के स्काउट तथा जिला संस्था के ट्रेनिंग काउंसलर महेंद्र वर्मा, इंद्र कुमार, गौरव कुमार गुप्ता, आदर्श शुक्ला, रागिनी सिंह अर्चना पाल आदि लोग मौजूद रहे|



## मण्डल –लखनऊ

### जनपद – सीतापुर

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद सीतापुर के तत्वाधान में आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत किसान इंटर कालेज सरैया राजा साहब के स्काउट गाइड द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई | जिसमे कालेज के समस्त छात्र/छात्राओ एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने प्रतिभाग किया | प्रधानाचार्य श्री संजय मिश्रा ने हर-घर तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया | जिला गाइड कमिश्नर डा. मंजू सिंह, जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट) श्री अवनीश कुमार और जिला आईटी कोऑर्डिनेटर शिवम मौर्य मौजूद रहे |










### जनपद – लखनऊ

15 अगस्त 2022 को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लखनऊ में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क श्री शिशिर सिंह जी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया | इस अवसर पर स्काउट/गाइड रोवर/रेंजर द्वारा कलर पार्टी एवं बैंड का प्रदर्शन किया गया | विशिष्ट अतिथि के रूप में कामिनी श्रीवास्तव प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड उपस्थित रही | मुख्य अतिथि एवं निदेशक सूचना जनसंपर्क विभाग ने स्काउट/गाइड/ रोवर /रेंजर की सराहना करते हुए कहा कि मैं भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के मुख्य आयुक्त डॉ प्रभात कुमार जी को धन्यवाद देता हूं | जिनके नेतृत्व में संस्था उन्नति की ओर अग्रसर है विभाग के अनुरोध पर वह हमेशा हमें सहयोग प्रदान करते हैं | इस अवसर पर संयुक्त निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क एवं विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारी पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।



### जनपद – हरदोई

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था हरदोई के तत्वाधान में स्काउट्स, गाइड्स, रोवर, रेंजर के द्वारा गांधी भवन से शहीद उद्यान कंपनी बाग तक तिरंगा यात्रा के साथ-साथ कैंडल मार्च यात्रा निकाली गई। जिसमें हरदोई नगर के समस्त विद्यालयों के स्काउट, गाइड्स, रोवर, रेंजर ने प्रतिभाग किया। रैली में जिला मुख्यायुक्त श्री वी०के० दुबे, जिला संगठन आयुक्त रमेश वर्मा, जिला स्काउट मास्टर पंकज वर्मा, ट्रेनिंग काउंसलर शैलेश प्रकाश, मुख्यालय आयुक्त चेतना शुक्ला, गाइड कैप्टन हिमांशी पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## मण्डल – कानपुर

### जनपद – कानपुर नगर

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद कानपुर नगर में दिनांक 16 सितंबर 2022 को स्काउट भवन बृजेंद्र स्वरूप पार्क में जिला परिषद की मीटिंग आहूत की गई | इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रामकिशोर जी ने अध्यक्षता की, उक्त बैठक में सत्र 2021-22 की ऑडिट रिपोर्ट वार्षिक आख्या तथा सत्र 2022-23 का अनुमानित बजट एवं वार्षिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया | श्रीमती संगीता यादव उपाध्यक्ष श्री विनोद कुमार दीक्षित, श्री आर० सी० शर्मा जिला मुख्यायुक्त, सुश्री पूनम संधू सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर, डॉ गिरीश कुमार मिश्र जिला आयुक्त श्रीमती पूनम सिंह जिला गाइड कमिश्नर, श्री शिवराज सिंह जिला सचिव, श्रीमती शारदा शुक्ला संयुक्त सचिव, श्री एस० एन० शर्मा सहायक सचिव एवं डी०ओ०सी०, डी०टी०सी० एवं नगर के सम्मानित समस्त सहायक आयुक्त (स्काउट/गाइड) तथा एल०टी० एवं ए०एल०टी० (स्काउट/गाइड) एवं समस्त सदस्य उपस्थित रहे |



### जनपद – फरुखाबाद

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद फरुक्खाबाद के तत्वाधान में जिला कारागार फतेहगढ़ में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत कारागार में निरुद्ध बाल किशोर बन्दियो के नैतिक उत्थान एवं स्वावलंबी बनाने के लिए दिनांक 23 से 25 जुलाई 2022 की अवधि में कारागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया | जिसका उद्घाटन श्री आदर्श कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला मुख्यायुक्त ने किया | कारागार स्काउट/गाइड गतिविधियों संचालित करने के लिए अटल स्काउट के नाम से एक यूनिट का गठन किया गया | जेल अधीक्षक श्री भीमसैन मुकुन्द जी ने बताया कि इन स्काउट की कार्य कुशलता के आधार पर इनसे दिन में बंदी बैरकों के आस-पास सुरक्षा निगरानी का भी कार्य और कार्यालय में कम्प्यूटर का कार्य लिया जायेगा | इस कार्य के लिए इन बन्दियो को पारिश्रमिक रु०40/- प्रतिदिन के अनुसार दिया जायेगा | इस अवसर पर श्रीमती चमन शुक्ला, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती आदेश गंगवार जिला आयुक्त (गाइड) श्री सर्वेश कुमार श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री सुधीर कुशवाहा जिला स्काउट मास्टर का सराहनीय योगदान रहा |



### जनपद – इटावा



आजादी के 75वे वर्ष के शुभ अवसर पर श्री राजू राणा जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में जिला मुख्यायुक्त श्री राजेंद्र प्रसाद, जिला सचिव श्री रविन्द्र यादव के कुशल नेतृत्त्व में जनपद इटावा में विभिन्न विद्यालयों में रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया | इस कार्य में डीओसी स्काउट विपिन कुमार, डीओसी गाइड श्रीमती आशीष गुप्ता, डीटीसी श्री स्काउट अच्युत त्रिपाठी, डीटीसी गाइड संजू शंखवार तथा डीसी श्री शिव शंकर त्रिपाठी ने सहयोग प्रदान किया |



## मण्डल – गोरखपुर

### जनपद – गोरखपुर



भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद गोरखपुर में बैठक एमपी इंटर कॉलेज बलरामपुर सभागार में संपन्न हुई बैठक का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण के साथ स्काउट गाइड प्रार्थना से शुभारंभ हुआ। बैठक की अध्यक्षता सेंट एंड्रयूज कॉलेज की पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर विद्यावती गुप्ता ने की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विद्यावती ने कहा कि जिले के समस्त विद्यालयों में प्राइमरी और उच्च शिक्षण संस्थानों तक स्काउट गाइड दलों का पंजीकरण एवं नवीनीकरण आपको कराना आवश्यक है | छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु स्काउट गाइड प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से सभी शिक्षण संस्थानों में आयोजित किए जाने चाहिए इस अवसर पर संस्था के जिला मुख्यायुक्त डॉ० अरुण कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्था अपने लक्ष्य व सिद्धांत के अनुरूप कार्य कर रही है | जिला कोषाध्यक्ष डॉ महेश कुमार जिला स्काउट कमिश्नर डॉक्टर दिनेश मणि त्रिपाठी, जिला सचिव डॉ अभिषेक कुमार सिंह, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त गोरखपुर मंडल नौशाद अली सिद्दीकी, जिला गाइड कमिश्नर विनीता सिंह, उपसचिव ज्ञानेंद्र ओझा, प्रादेशिक स्काउटर प्रतिनिधि अजय गुप्ता, प्रादेशिक गाइडर प्रतिनिधि जयलक्ष्मी पांडे, डीओसी स्काउट सत्यानंद शर्मा, डीओसी गाइड इशरत सिद्दीकी, आदि उपस्थित रहे |

### जनपद – महाराजगंज

भारत स्काउट्स और गाइड्स उत्तर प्रदेश महराजगंज के तत्वाधान में पंचायत इंटर कॉलेज परतावल और महराजगंज इंटर कॉलेज महराजगंज के स्काउट्स और गाइड्स द्वारा नशा मुक्ति के लिए साइकिल रैली स्काउट मास्टर श्री अजय कुमार सैनी, श्री वीरन प्रसाद व जिला संगठन आयुक्त के निर्देशन में निकाली गई। जिस दौरान स्काउट और गाइड ने विभिन्न गांवों में जाकर लोगो को जागरूक किया और लोगो से अपील भी किया कृपया नशा ना करें। जिला सचिव श्री संजय कुमार मिश्र , जिला मुख्यायुक्त श्री विजय बहादुर सिंह, जिला मुख्यालय आयुक्त श्री हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने बालकों की सराहना की और इस अभियान को जारी रखने का निर्देश दिया जिससे समाज मे कुछ परिवर्तन लाया जा सके।



## मण्डल – देवीपाटन

### जनपद – श्रावस्ती

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद श्रावस्ती में गौरी शंकर टंडन नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज गिलौला में जिला कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 25 अगस्त 2022 को डॉ० भूदेश्वर पांडे जिला मुख्यायुक्त की अध्यक्षता में संपन्न हुई | जिसमे विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और रिक्त जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट और जिला संगठन आयुक्त स्काउट/गाइड की प्रक्रिया पूर्ण कर प्रादेशिक मुख्यालय को भेजा जाए | जिससे कि जिले में स्काउट गाइड कार्यक्रम सुचारु रुप से संचालित किए जा सके | बैठक में श्री संत प्रकाश जिला विद्यालय निरीक्षक श्रावस्ती, शिव प्रताप सिंह पाल सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट उपस्थित रहे |



## जनपद – बहराइच

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था बहराइच की मासिक बैठक दिनांक 29 अगस्त 2022 को चंद्रशेखर आजाद श्यामा देवी बालिका इंटर कॉलेज रिसिया बहराइच में आहूत की गई । बैठक की शुरुआत सर्व प्रथम ईशप्रार्थना से हुई। जिसकी अध्यक्षता श्री चंद्र पाल जिला मुख्यायुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद बहराइच ने की। बैठक का संचालन श्री अरविन्द कुमार वर्मा प्रवक्ता एम एस आई सी बहराइच ने की। बैठक में श्री मनोज कुमार पाण्डेय जिला आयुक्त एवं प्रधानाचार्य आजाद इंटर कॉलेज बहराइच ,डॉ० राजेश प्रताप सिंह जिला सचिव प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच, श्रीमती मधु चौधरी जिला आयुक्त गाइड, श्री घनश्याम बाजपेई प्रधानाचार्य सरस्वती



इंटर कालेज रिसिया, श्री अरविन्द कुमार वर्मा जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्री कल्लन इदरीसी जिला संगठन आयुक्त स्काउट, सुश्री कायमा इस्लाम जिला संगठन आयुक्त गाइड, एवं रीता भास्कर गाइड कैप्टन और क्षेत्रीय माध्यमिक विद्यालयों के प्राधानाचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# मण्डल – झांसी

## जनपद – झांसी

भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश जनपद झांसी की जिला कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 19 जुलाई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में संपन्न हुई इस बैठक की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्यायुक्त श्री ओम प्रकाश जी द्वारा की गई | बैठक में स्वपरिचय के पश्चात एजेंडा बिंदु अनुसार कार्रवाई प्रारंभ हुई जिसमें 2021-22 के दल पंजीयन नवीनीकरण एवं 10% अंशदान प्रदेश मुख्यालय भेजने के संबंध में चर्चा की गई बैठक में जिला संगठन आयुक्त (गाइट) श्रीमती अर्चना गुप्ता और सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री प्रदीप गुप्ता, जिला कमिश्नर स्काउट डॉ० बाबूलाल तिवारी, जिला कमिश्नर गाइड कल्पना सिंह, जिला सचिव किरण वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट संजीत त्रिपाठी, सह सचिव श्रीमती राखी पवार, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट प्रभात सिंह पवार, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि के रुप में श्री सुदर्शन शिवहरे एवं श्री मनमोहन मनु तथा ट्रेनिंग काउंसलर कुलदीप अवस्थी और अमित उपाध्याय उपस्थित रहे |



## जनपद – जालौन



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन के तत्वाधान में दिनांक 17 सितम्बर 2022 को सरकार की एडिप योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजन सहायातार्थ उपकरणों के वितरण कार्यक्रम में स्काउट गाइड के करीब 100 स्काउट और गाइड द्वारा सभी दिव्यांगजन को अपने गंतव्य स्थान से ले कर उनको कार्यक्रम स्थान तक छोड़ने तक सेवा कार्य किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री डॉ० वीरेन्द्र कुमार, भारत सरकार के राज्य मंत्री श्री भानु प्रताप वर्मा, विधायक श्री गौरी शंकर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री घनश्याम अनुरागी जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरजंन, जिला मुख्यायुक्त /जिला विद्यालय निरीक्षक श्री राज कुमार पण्डित एवं जिला सचिव डॉ० राकेश निरजंन , जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्री मुकेश बाबू सक्सेना, जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री रजत कुलश्रेष्ठ एवं समस्त संबंधित विद्यालय के स्काउट एवं गाइड प्रभारी उपस्थित रहे ।

## मण्डल – मिर्जापुर

### जनपद – सोनभद्र

भारत स्काउट गौर गाइड उ०प्र० जनपद सोनभद्र के तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर जनपद सोनभद्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया | जिसके अन्तर्गत तिरंगा यात्रा, सर्वधर्म प्रार्थना सभा, रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, पौधरोपण कार्यक्रम प्रमुख है | कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र श्री हरिवंश कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी करमा श्री अरविन्द कुमार, श्री सैयद अनवर हुसैन जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, सुनील कुमार सिंह जिला संगठन आयुक्त स्काउट आदि शामिल रहे।



## मण्डल – मुरादाबाद

### जनपद –बिजनौर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद बिजनौर केतत्वाधान में दरवाडा चांदपुर में आपदा प्रबंधन जागरूकता अभियान श्री सत्यपाल मालिक जी के नेतृत्व में चलाया गया | जिसमे स्काउट और गाइड के बच्चों और जनसमुदाय को आपदा के समय क्या-क्या सावधानियाँ रखनी चाहिये की जानकारी प्रदान की गई |





### जनपद –रामपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद रामपुर के तत्वाधान में दिनांक 22 सितम्बर 2022 से पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इंटर कालेज ककरौआ में बेसिक स्काउट मास्टर/ गाइड कैप्टन शिविर आयोजित किया गया| जिसमे शिविर संचालक श्री पुष्कांत शर्मा (स्काउट) और प्रशिक्षक जीतू और शिविर संचालिका (गाइड) सुश्री नरवंत कौर, प्रशिक्षिका जमाल फातमा रहे| कोर्स सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त सुश्री सितारा त्यागी जी के निर्देशन में संपन्न हुआ | जिसमे 47 स्काउट विंग और 21 गाइड विंग के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया |



## मण्डल – वाराणसी

### जनपद – चंदौली

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद चंदौली के तत्वाधान में जनपद स्तर पर सीबीएसई विद्यालयों के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं का एक बैठक जे एस पब्लिक स्कूल पांडेपुर नियमताबाद चंदौली मे संपन्न हुई | बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में जिला मुख्यायुक़्त डॉ० एस०के० लाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक जे०एस० पब्लिक स्कूल श्री रजनीश सिंह, निदेशक अंब्रोसिया अकैडमी श्री अरविंद सिंह रहे| कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक प्रदेशिक संगठन कमिश्नर श्री अवनीश कुमार शुक्ला ने किया |



## जनपद – वाराणसी

भारत के मा०प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर शहीद उद्यान सिगरा वाराणसी में तीन दिवसीय बनारस प्रदर्शनी कार्यक्रम के तृतीय दिवस श्री गिरीश कुमार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी के निर्देशन में एवं नोडल अधिकारी डॉ०हरेंद्र कुमार राय जिला मुख्यायुक्त भारत स्काउट और गाइड जनपद वाराणसी के नेतृत्व में बी०टी०एस०उ०मा० विद्यालय कमछां, आर्य महिला इण्टर कॉलेज चेतगंज, वसंत कन्या इण्टर कॉलेज कमछां वाराणसी की कुल 600 छात्र-छात्राओं द्वारा पालीवाल प्रदर्शन कार्यक्रम का अवलोकन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री जयराम सिंह सह जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी, विष्णु विश्वकर्मा जिला संगठन आयुक्त स्काउट, श्रीमती रामेश्वरी वर्मा जिला संगठन आयुक्त गाइड वाराणसी उपस्थित होकर लगातार तीन दिनों तक बनारस प्रदर्शनी कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।



## जनपद – जौनपुर





भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर में श्री गाँधी स्मारक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री विनोद सिंह के द्वारा संचारी रोग के नियंत्रण पर विद्यालय के बच्चों को शपथ दिलाई गई। और बच्चो को बताते हुए कहा की मौसम परिवर्तन के कारण इस समय अनेक नए-नए रोग पैदा हो रहे हैं इसका बचाव ही सर्वोत्तम उपाय है। इसके बाद प्रभात फेरी को प्रधानाचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया | इसमें विनय कुमार त्रिपाठी, संतोष कुमार, मनीष रावत, सोनी सिंह व्यायाम शिक्षिका, लाल बहादुर, मुन्ना मौर्य, महेंद्र तिवारी आदि ने सहयोग किया। प्रभात फेरी में स्काउट आलोक पांडे, हिमांशु प्रजापति, वीर मिश्रा, कुलदीप अग्रहरि, लकी पांडे, आयुष पांडे हर्षवर्धन मौर्य आदि ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का संचालन राम बख्श सिंह ने किया।

## UPCOMING EVENTS...

| क्रम | शिविर का नाम | तिथियाँ | आवेदन की अंतिम तिथि | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मैपिंग एण्ड स्टार गेजिंग कोर्स | 31.10.2022 - 4.11.2022 | 21-10-2022 | राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, पंचमढ़ी |
| 2 | फर्स्ट एड कोर्स | 31.10.2022 - 4.11.2022 | 21-10-2022 | राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, पंचमढ़ी |
| 3 | सिगनलिंग कोर्स | 07.11.2022 - 11.11.2022 | 21-10-2022 | राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, पंचमढ़ी |
| 4 | पायनियरिंग एण्ड इस्टीमेशन कोर्स | 07.11.2022 - 11.11.2022 | 21-10-2022 | राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, पंचमढ़ी |
| 5 | प्री0 ए0 एल0 टी0 कोर्स | 06.12.2022 - 10.12.2022 | 28-11-2022 | राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, पंचमढ़ी |
| 6 | आर0ओ0टी0 कोर्स (स्काउट विंग) | 14.11.2022 - 18.11.2022 | 07-11-2022 | राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, पंचमढ़ी |

## OUR WEBSITE www.bsgup.org

This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here.... **Please Visit & Share Our Website**




**Office E Mail : upscoutsguides@yahoo.com**
**IT Department E Mail : bsgup.org@gmail.com**
**Magazine E Mail : itbsgup@gmail.com**

# Glimpses of activates







This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here….

**Please Visit & Share Our Website**


## www.bsgup.org

### OUR SOCIAL ACCOUNTS



Like our FB Page

facebook.com/bsgup.org



Share & Subscribe our Youtube Channel

bsgup



Follow our Instagram Page

instagram.com/bsgup/



Tweets @ BSGUP

twitter.com/bsgup

BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH

State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow

Email : upscoutsguides@yahoo.com

For Magazine : itbsgup@gmail.com

To,